**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1237**
**(11 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**बारहमासी ग्रामीण सड़कें**

**1237. श्री विनोद लखमशी चावड़ा:**

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ग्रामीण बस्तियों को बारहमासी ग्रामीण सड़कों के माध्यम से नजदीकी बाजारों, शहरों और मुख्य सड़कों से जोड़ने के लिए प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना लागू कर रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार को पता है कि कच्छ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के कई गांवों में या तो खराब सड़कें हैं या नजदीकी बाजारों, शहरों या मुख्य सड़कों से कोई संपर्क नहीं है;

(ग) यदि हां, तो क्या प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इन ग्रामीण बस्तियों को सभी मौसमों के अनुकूल ग्रामीण सड़कों से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(श्री कमलेश पासवान)**

**(क) से (घ):** देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी पात्र संपर्कविहीन बसावटों को एकल बारहमासी सड़क संपर्कता प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-I (पीएमजीएसवाई-I) 25 दिसंबर 2000 को शुरू की गई थी। वर्ष 2013 में, पीएमजीएसवाई-II को चयनित थ्रू रूटों और प्रमुख ग्रामीण लिंकों (एमआरएल) के उन्नयन के लिए शुरू किया गया था जिसका लक्ष्य 50,000 किलोमीटर का उन्नयन करना था। इसके बाद , सरकार ने बसावटों को अन्य के साथ-साथ ग्रामीण कृषि बाजारों , उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों और अस्पतालों के साथ जोड़ने वाले 1,25,000 किलोमीटर थ्रू रूटों और प्रमुख ग्रामीण लिंक्स को समेकित करने के लिए पीएमजीएसवाई-III शुरू किया था।

गुजरात राज्य में पीएमजीएसवाई के विभिन्न कार्यक्रमों/कार्यकलापों के तहत कुल 15,732 किलोमीटर लंबी सड़क की मंजूरी दी गई है और आरंभ से लेकर 2 फरवरी, 2025 तक 15,377 किलोमीटर सड़क का निर्माण पूरा हो चुका है।

मंत्रालय में पीएमजीएसवाई सड़कों के संसदीय क्षेत्रवार आँकड़े नहीं रखे जाते हैं। कच्छ संसदीय क्षेत्र में दो जिले हैं, कच्छ और मोरबी। कच्छ और मोरबी जिले में सड़क संपर्क ता प्रदान की गई बसावटों, स्वीकृत और पूरे किए गए सड़क कार्यों का विवरण निम्नानुसार है:-

| **जिला** | **सड़कों से जोडी गई बसावटें** | **स्वीकृत सड़क लंबाई (किमी में)** | **निर्मित सड़क लंबाई (किमी में)** |
|---|---|---|---|
| कच्छ | 15 | 975 | 956 |
| मोरबी | 24 | 202 | 199 |

हाल ही में पीएमजीएसवाई-IV को 2011 की जनगणना के अनुसार मैदानी क्षेत्रों में 500+, पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 250+, विशेष श्रेणी के क्षेत्रों (आदिवासी अनुसूची V, आकांक्षी जिले/ब्लॉक, रेगिस्तानी क्षेत्र) और वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई ) से प्रभावित जिलों में 100+ की आबादी वाले लगभग 25,000 संपर्कविहीन बसावटों को संपर्कता प्रदान के लिए 62,500 किलोमीटर की बारहमासी सड़क (एकल लेन) के निर्माण के लिए शुरु किया गया था। जनसंख्या पात्रता मानदंडों के अनुसार पात्र सड़क संपर्क रहित बसावटों की पहचान करने के लिए सर्वेक्षण कार्य वर्तमान में चल रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) चरण- IV 2024-2025 से 2028-2029 तक कार्यान्वित की जाएगी।

****